दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, बुधवार 03 अप्रैल 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-182

महत्वपूर्ण एवं खास

असम में अर्धसैनिक बलों की 120 से अधिक कंपनियां तैनात

गुवाहाटी (आरएनएस)। असम में चुनावी ड्यूटी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्धसैनिक बलों की 120 से अधिक कंपनियां तैनात की गई हैं। असम के पुलिस महानिदेशक कुलाधर सैकिया ने सोमवार को यहां पुलिस मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, राज्य में चुनाव के लिए अतिरिक्त 33 कंपनियों को बाहर से भेजा गया है। और ये सभी कंपनियां चुनाव से पहली की गतिविधियों में राज्य सुरक्षा बलों के साथ लगाई गई हैं। हमारे पास पहले ही केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों की 90 कंपनियां हैं।

बिना कोर्ट की परमिशन के वाड्रा विदेश जा नहीं सकेंगे

मनी लांड्रिंग में मिली अग्रिम जमानत

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा को आज दिल्ली की एक अदालत ने मनी लांड्रिंग मामले में अग्रिम जमानत दे दी। वाड्रा को 5 लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी गई है। वाड्रा के साथ मनोज अरोड़ा को भी अग्रिम जमानत मिली है। जमानत मिलना जहां वाड्रा के लिए राहत की खबर है वहीं स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने जमानत पर कुछ शर्तें लगाते हुए कहा कि बिना कोर्ट की अनुमति के अरोड़ा व वाड्रा देश छोड़ नहीं सकते। साथ ही इन दोनों को जब भी कोर्ट में बुलाया जाएगा इन्हें कोर्ट आना पड़ेगा। सबूतों के साथ छेड़छाड़ सहन नहीं की जाएगी। कोर्ट ने दोनों को पासपोर्ट सरेंडर करने का आदेश भी दिया है।

याचिका पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

हार्दिक पटेल को फिर लगा झटका

नई दिल्ली (आरएनएस)। गुजरात के पाटीदार नेता हार्दिक पटेल को मेहसाणा दंगा मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है। हार्दिक ने इस मामले में गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस पर तत्काल सुनवाई की कोई जरूरत नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस पर सुनवाई के लिए 4 अप्रैल की तारीख तय की है।

भारतीय सेना की कार्रवाई में पाकिस्तान के 3 जवान ढेर

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा से सटे गांवों में पाकिस्तान की ओर से मंगलवार को भी संघर्ष विराम का उल्लंघन कर गोलीबारी की गई। भारतीय सेना ने भी मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाक के तीन सैनिकों को मार गिराया है।

मेहसाणा दंगा मामला: सुप्रीम कोर्ट ने दिया हार्दिक पटेल को बड़ा झटका, जल्द सुनवाई की याचिका खारिज की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिया हार्दिक पटेल को बड़ा झटका,चुनाव लड़ने के कोर्ट के फैसले पर तत्काल सुनवाई से मना किया. 4 अप्रैल को होगी सुनवाई, और उसी दिन है आखिरी नामांकन,उन्होंने 2015 के हिंसा भड़काने के मामले में याचिका दी थी जिससे कि लोकसभा चुनाव लड़ सकें।

प्लास्टिक बैग बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग, दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर

नई दिल्ली। दिल्ली के समयपुर बादली इलाके में एक प्लास्टिक बैग बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग। दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर।

पाकिस्तान काठमांडू में नेशनल डिफेंस कॉलेज बनाएगा

चीन की तर्ज़ पर पाकितान नेपाल से नज़दीकी बढ़ाने की कोशिशों में लगा हुआ है. जिससे वो नेपाल में भारत के प्रभाव को कम कर सके. सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान काठमांडू में नेशनल डिफेंस कॉलेज बनाना चाहता है, जिससे वह नेपाल की सेना में अपनी पैठ मजबूत कर सके.

कांग्रेस के घोषणापत्र में किसानों के लिए अलग बजट

अति गरीब परिवार को वर्ष में 72 हजार, घोषणा पत्र का शीर्षक-हम निभायेंगे

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव 2019 के मद्देनजर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जारी घोषणापत्र में सेना का आधुनिकीकरण,राइट टू फ्री हेल्थकेयर और प्रदूषण के मुद्दे पर वादा किया है. कांग्रेस के घोषणा पत्र का शीर्षक है- हम निभाएंगे.

कांग्रेस के घोषणा पत्र में न्याय यानी न्यूनतम आय योजना, छोटे उद्यमियों को बढ़ाना और टैक्स में राहत सरीखे वादे किये गए हैं. घोषणा पत्र में कांग्रेस ने कहा है कि वर्ष 2030 तक गरीबी का नामोनिशान मिटाने के लिये कांग्रेस न्यूनतम आय योजना की शुरुआत करेगी, भारत की 20 प्रतिशत सबसे गरीब आबादी को हर साल बहत्तर हजार रुपये (72,000) दिये जायेंगे. कांग्रेस का लक्ष्य होगा कि कोई भी भारतीय परिवार पीछे न छूट जाये.

कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कहा है कि जी.एस.टी. 2.0 युग सभी वस्तुओं एवं सेवाओं पर एक समान, सीमित और आदर्श मापदण्ड के अनुसार होगा. जी.एस.टी. 2.0 नये व्यवसाय और रोजगार पैदा करते हुए विकास गति को बढ़ायेगा.

घोषणा पत्र में कहा गया है कि एम.एस.एम.ई. को ऋ ण सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए राज्य और क्षेत्रीय स्तर पर नये संस्थानों (छोटे बैंकों) की स्थापना को प्रोत्साहित करेगी, ताकि एम.एस.एम.ई. को ऋण उपलब्ध करवाया जा सके. घोषणा पत्र में लिखा गया है- कांग्रेस शहीदों के परिवारों को मुआवजे की नीति तैयार करने और लागू करने का वचन देती है. इस नयी नीति में पूर्ण वेतन और भत्ते शामिल होंगे, बच्चों की शिक्षा के लिए धन तथा शहीद परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी और उपयुक्त मौद्रिक मुआवजा शामिल होगा. कांग्रेस ने घोषणा पत्र में एलजीबीटी अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, महिला सशक्तिकरण का जिक्र किया है. कांग्रेस ने वादा किया है कि अलग से किसान बजट आएगा. कांग्रेस ने ऐलान किया है कि मनरेगा में 150 दिन का रोजगार मिलेगा. कांग्रेस ने कहा है कि राफेल सहित पिछले पांच साल में भाजपा सरकार द्वारा किये गये सौदों की जांच की जायेगी.

मैनिफेस्टो में कहा गया है कि हम 17वीं लोकसभा के पहले सत्र में और साथ ही राज्यसभा में, उन्मादी भीड़ द्वारा, आगजनी और हत्या जैसे नफरत भरे अपराधों की रोकथाम और दंडित करने के लिये नया कानून पारित करायेंगे. इस कानून में पीड़ितों को मुआवजा देने और लापरवाही के लिए पुलिस और जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराने के प्रावधान होंगे.

कांग्रेस ने मैनिफेस्टो में कहा है कि पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए सिटिजन चार्टर का रिव्यू किया जाएगा इसके साथ पूर्वोत्तर के राज्यों का विकास किया जाएगा. कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू और कश्मीर का विकास उसकी प्राथमिकता में होगा.

दक्षिण अफ्रीका की इस खदान में मिला 425 कैरेट का हीरा

एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका स्थित प्रीमियर खान में से 425 कैरेट का बड़ा हीरा मिला है। यह वही खान है, जहां विश्व का सबसे बड़ा हीरा एक सदी पहले पाया गया था।

खान के मालिक पीटर ने कहा कि यहां से 425 कैरेट का सफेद हीरा निकला है। पीटर इस हीरे की खोज से बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि कई सालों से उनकी खान से बेशकीमती हीरे नहीं निकल रहे थे। यह खान 1902 से संचालित है। 1905 में सदी का सबसे बड़ा हीरा कलिनन डायमंड मिला था। यह 3,106 कैरेट का था। पीटर ने बताया कि नए हीरे की खोज के बाद उनकी कंपनी के शेयर 7.7 फीसदी ऊपर चढ़ गए हैं।

आईए नजर डालते हैं दुनिया में मौजूद इन सबसे बड़े हीरों पर

दुनिया के पांच सबसे बड़े हीरे

दक्षिण अफ्रीका के लेसोथो की पहाड़ियों का हीरा- यह इतिहास का पांचवा सबसे बड़ा हीरा है। 910 कैरट का यह हीरा दक्षिण अफ्रीका के लेसोथो की पहाड़ियों पर पाया गया है।

कलिनन डायमंड - 3106 कैरट का यह हीरा 1905 में साउथ अफ्रीका की खान में मिला था। इस हीरे का नाम खान के मालिक 'सर थॉमस कलिनन' के नाम पर रखा गया है।

लोगों की मांग पर लगी मेरी प्रतिमा:मायावती

सुप्रीम कोर्ट में बसपा सुप्रीमो का जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राज्य के अलग-अलग शहरों में अपनी मूर्तियां लगाए जाने को उचित ठहराया है. उन्होंने कहा कि यह लोगों की भावनाओं को दर्शाता है. मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर मायावती ने कहा कि जब वो मुख्यमंत्री थीं, तब विधान मंडल में यह मांग उठी थी कि दलितों के सामाजिक उत्थान के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के लिए उनकी मूर्तियां स्थापित की जाए. इन प्रतिमाओं के जरिए विधानमंडल ने दलित महिला नेता के प्रति आदर व्यक्त किया है.

लोगों को प्रेरणा दिलाने के लिए स्मारक बनाए गए थे.

इसमें यह भी कहा गया, निश्चित रूप से मैं कांसीराम की मूर्ति के निकट अपनी प्रतिमा लगाने के राज्य विधान मंडल के सदस्यों की भावनाओं के विरुद्ध नहीं जा सकती. कांसीराम को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान देने की मांग देश में उठी थी.

बीएसपी सुप्रीमो का कहना है कि मूर्तियां लोगों की इच्छा का प्रतिनिधित्व करती हैं. राज्य के विधानसभा की इच्छा का उल्लंघन कैसे करूं. इन प्रतिमाओं के माध्यम से विधान मंडल ने दलित महिला नेता के प्रति आदर व्यक्त किया है. लोगों को प्रेरणा दिलाने के लिए स्मारक बनाए गए थे. मायावती ने अपना हलफनामा चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ के किए गए।

चीन के जंगल में आग बुझाने गए 24 दमकल कर्मियों की मौत

एजेंसी। दक्षिण-पश्चिम चीन में दूर-दराज पहाड़ों के आसपास जंगलों में लगी आग को बुझाने के प्रयास में दमकल विभाग के कम से कम 24 कर्मियों की मौत हो गई है. 'चीन डेली' ने 'पीएलए डेली' के हवाले से कहा कि दमकल कर्मी दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के लिआंगशान यी स्वायत्त क्षेत्र में शनिवार को भड़की आग बुझाने के लिए मौके पर भेजे गए थे. सिचुआन प्रांत के लिआंगशान यी स्वायत्त क्षेत्र के अधिकारियों के अनुसार, हवा की दिशा के अचानक बदलने से आग के बढ़ने के कारण रविवार दोपहर से करीब 30 लोगों को कोई अता-पता नहीं है.

अंतरिक्ष में देश की आंख और कान बनेगा एमिसैट

दुश्मन के खिलाफ भारत ने चली चाणक्य चाल

श्रीहरिकोटा (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने पहली बार तीन विभिन्न कक्षाओं में उपग्रहों को स्थापित करने वाले पीएसएलवी- सी 45 का सोमवार सुबह नौ बजकर 27 मिनट पर सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से सफल प्रक्षेपण किया जिसके साथ प्राथमिक उपग्रह एमिसैट तथा अन्य विदेशी नैनो उपग्रहों को अंतरिक्ष में छोड़ा गया। ये सभी सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित हो गए है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन पीएसएलवी-45 अपने 47 वें अभियान में दूसरे लांच पैड से उड़ान भरी। प्रक्षेपण अधिकृत बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद कल सुबह इस मिशन के लिए उल्टी गिनती शुरू हुई और पूरे 27 घंटे की उल्टी गिनती के बाद पीएसएलवी-सी 45 ने अपने 47 वें मिशन के तहत आज निर्धारित समय पर सफल उड़ान भरी।

इसरो और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ ने संयुक्त रूप से इस उपग्रह को बनाया है। इससे सीमा पर राडार और सेंसर पर नजर रखने के साथ- साथ इलेक्ट्रॉनिक नक्शा भी आसानी से बनाया जा सकेगा। एमिसैट का वजन 436 किलोग्राम है और इसका मकसद विद्युत चुंबकीय स्पैक्ट्रम को मापना है। अफगानिस्तान से लेकर असम तक फैले भारतवर्ष पर अपनी पैनी नजर रखने वाले मौर्य शासक चंद्रगुप्त मौर्य के सलाहकार आचार्य चाणक्य का कहना था कि गुप्तचर किसी भी राजा के आंख और कान होते हैं। कौटिल्य के मुताबिक, गुप्तचर दो कारणों आतंरिक निगरानी और युद्ध को देखते हुए बेहद अहम होते हैं। कौटिल्य से प्रेरित होकर भारत सरकार के रक्षा अनुसंधान विकास संगठन ने प्रॉजेक्ट कौटिल्य शुरू किया था।

जानकारों के मुताबिक करीब 8 वर्षों की मेहनत के बाद वैज्ञानिकों ने 436 किलोग्राम वजनी एमीसेट को बनाने में सफलता हासिल की है। इसे डीआरडीओ की हैदराबाद लैब ने प्रॉजेक्ट कौटिल्य के तहत बनाया है।

ये है दुनिया का पहला 5जी शहर

नई दिल्ली। चीन के शंघाई स्थित होंगकू दुनिया का पहला 5जी कवरेज और ब्रांडबैंड गीगाबाइट नेटवर्क वाला जिला बन गया है. दूरसंचार सेवा प्रदाता चाइना मोबाइल के समर्थन से यहां 5जी नेटवर्क का परीक्षण किया गया.

चाइना डेली की रपट के अनुसार, शंघाई के होंगकू जिले में शनिवार को 5जी नेटवर्क का परीक्षण शुरू हुआ, जहां पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए तीन महीने पहले 5जी आधार स्टेशन स्थापित किए गए. शंघाई के उप महापौर वू किंग ने हुआवेई के मेट एक्स स्मार्टफोन से सबसे पहले 5जी वीडियो कॉल किया. यह पहला फोल्डेबल फोन है. दूरसंचार व उद्योग विनियामक शंघाई म्यूनिसिपल इकॉनोमिक एंड इन्फोरमेटाइजेशन कमीशन के डिप्टी डायरेक्टर झांग जियामिंग ने कहा कि नगर में इस साल के अंत तक 5जी नेटवर्क के 10,000 स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है और 2021 तक 5जी आधार स्टेशनों की संख्या 30,000 से अधिक होगी।

बार्डर पर पाक की नापाक फायरिंग, 5 साल की बच्ची की मौत

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में सोमवार को पाकिस्तानी गोलाबारी में एक पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई जबकि सीमा सुरक्षा बल का एक जवान भी शहीद हो गया। इनके अलावा तीन नागरिक और दो सैनिक घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीएसएफ जवान शहीद

पाकिस्तानी सेना द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन कर शाहपुर और केरनी सेक्टरों में सुबह 7.45 बजे गोलीबारी शुरू करने के बाद प्रशासन ने नियंत्रण रेखा के पास के सभी शिक्षण संस्थानों को बंद करा दिया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद के अनुसार, पाकिस्तानी सैनिकों ने शाहपुर और केरनी सेक्टरों में मोर्टार दागे और छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। हमारे सैनिकों ने इसका करारा जवाब दिया। सेना ने बताया कि पाकिस्तान की सेना ने बिना किसी उकसावे के राजौरी के नौशेरा सेक्टर में गोलीबारी की। उन्होंने एक साथ कई मोर्टार दागे और भारतीय चौकियों को निशाना बनाने के लिए छोटे हथियारों का भी इस्तेमाल किया। भारतीय सेना ने इसका पलटवार करते हुए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। बता दें कि भारत के जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी को केंद्रीय रिजर्व पुलिसबल के काफिले पर हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों के बीच भारी तनाव है।

राहुल गुरुवार को वायनाड लोकसभा सीट से भरेंगे नामांकन

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। वह दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि श्री गांधी बुधवार शाम यहां पहुंचेंगे और चार अप्रैल को वायनाड सीट के लिए पर्चा दाखिल करेंगे।

कांग्रेस महासचिव ओमन चांडी, के सी वेणुगोपाल, मुकुल वासनिक, इंडियन मुस्लिम लीग के नेता कुंहालीकुट्टु और पार्टी के केरल प्रदेश अध्यक्ष एम रामचंद्रन समेत कई वरिष्ठ नेता श्री गांधी के नामांकन करने के समय कोझिकोड और वायनाड जायेंगे। गांधी अमेठी लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस महासचिव के वायनाड सीट से चुनावी जंग में उतरने की घोषणा का केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व महासचिव प्रकाश करात समेत वाम दल के नेताओं ने कड़ा विरोध करते हुए कहा है कि इससे यह संदेश जाता है कि कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी के नहीं, बल्कि वाम दल के खिलाफ चुनाव मैदान में है। इस बीच श्री गांधी के लिए नरम रुख अख्तियार करने के कारण मापका महासचिव सीताराम येचुरी पार्टी के अंदर अकेले नजर आ रहे हैं। श्री येचुरी का कहना है कि वाम दल को चुनाव के समय किसी तरह के विवाद में पड़ने की बजाय समान विचारधारा वाले दलों से तालमेल करना चाहिए।

दिल्ली हाई कोर्ट ने पीएम नरेन्द्र मोदी पर बनी फिल्म पर रोक लगाने से मना किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन पर बनी फिल्म पीएम नरेंद्र मोदी रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। यह फिल्म लोकसभा चुनाव से पहले पांच अप्रेल को रिलीज हो रही है। इसको लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में लोकसभा चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी की रिलीज रोकने के लिए एक जनहित याचिका दायर हुई थी। लेकिन, दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकसभा चुनाव के नतीजे आने तक पीएम नरेंद्र मोदी की रिलीज पर स्टे देने से इनकार कर दिया है।

मुख्य न्यायाधीश राजेन्द्र मेनन और न्यायाधीश अनूप जयराम भम्भानी की बेंच ने सुनवाई में याचिका को निरस्त कर दिया। इस याचिका में कहा गया था कि 17वें आम चुनाव के दौरान फिल्म की रिलीज होने की स्थिति में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की बात कहते हुए फिल्म पर नतीजे आने तक बैन लगाने का आग्रह किया था। इस फिल्म में विवेक ओबेरॉय, नरेंद्र मोदी की भूमिका निभा रहे हैं।

आपको बताते जाए कि कई विपक्षी पार्टियों ने भी फिल्म की रिलीज रोकने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से भी शिकायत की थी।

तेज प्रताप यादव ने लालू-राबड़ी मोर्चे का किया ऐलान

दो हिस्सों में बंटा आरजेडी

पटना (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव से पहले राजग के खिलाफ एकजुटता का प्रदर्शन करने वाले महागठबंधन के घर में बगावत शुरू हो गई है। बगावत शुरू हुई है राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार से। लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने आज नई पार्टी- लालू-राबड़ी मोर्चा का ऐलान कर दिया है। इसी के साथ उन्होंने सारण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की बात कही है। यहां से उनका मुकाबला राजद से चुनाव लड़ रह रहे ससुर चंद्रिका राय से हैं। पटना में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तेज प्रताप यादव ने कहा कि उन्होंने मोर्चा इसलिए बनाया क्योंकि उनके कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं मिला है।

तेज प्रताप यादव ने कहा कि उन्हें शिवहर और जहानाबाद लोकसभा सीट चाहिए, ताकि उनके कार्यकर्ता इन सीटों पर चुनाव लड़ सकें। यादव ने कहा कि वे अपनी माताजी राबड़ी देवी को सारण सीट से लड़ने को कहेंगे अगर ऐसा नहीं होता है तो वह इस सीट से निर्दलीय लड़ेंगे और चुनाव जीतेंगे। तेज प्रताप यादव ने कहा कि उन्होंने अपनी मांगें तेजस्वी यादव और लालू यादव को बता दी है।